सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	वैशाख 13, शुक्रवार, *शाके* 1946-मई 03, 2024 *Vaisakha 13, Friday , Saka 1946- May 03, 2024*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

गृह (ग्रुप-9) विभाग

अधिसूचना

जयपुर, अप्रेल 29, 2024

संख्या प. 20 (2) गृह-9/2024 :-यत् राज्य सरकार की यह राय है कि जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (JMRCL) के समस्त कार्यालय एवं कर्मचारियों तथा उसके कार्यकलापों से संबंधित समस्त सेवाओ में हड़ताल होने से सेवाओं के प्रदाय एवं अनुरक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पडेगा और उसके परिणामस्वरूप समुदाय को भारी कठिनाई का सामना करना पडेगा।

अतः अब राजस्थान अत्यावश्यक सेवाऐं अनुरक्षण अधिनियम, 1970 (1970 का अधिनियम संख्या 22) की धारा 2 की उप-धारा (1) के खण्ड (क) के उप-खण्ड (iv) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार तुरन्त प्रभाव से जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (JMRCL) के समस्त कार्यालय एवं कर्मचारियों तथा उसके कार्यकलापों से संबंधित समस्त सेवाओ को एतद्द्वारा दिनांक 29.04.2024 से आगामी छः माह तक अत्यावश्यक सेवा घोषित करती है।

राज्यपाल की आज्ञा से,

महेश कुमार शर्मा,
शासन उप सचिव, गृह।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।